**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–**04** मार्च 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बजट उपरान्त वेबिनार को किया संबोधित : कहा– विकसित भारत को साकार करने का आधार बन रहा है तीव्र आर्थिक विकास।
- प्रदेश भर में हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है होली। अयोध्या, काशी, मथुरा और गोरखपुर में रंगपर्व को लेकर दिख रहा विशेष उत्साह।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अब से कुछ ही देर में गोरखपुर की परंपरागत भगवान नरसिंह की रंगभरी शोभायात्रा में शामिल हो कर मनाएंगे होली।
- कल देखा गया वर्ष का पहला पूर्ण चंद्र ग्रहण : अयोध्या, काशी और मथुरा सहित लगभग सभी जिलो में पूरे दिन बंद रहे मंदिरों के कपाट।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत मजबूत अर्थव्यवस्था के साथ विश्व के लिए आशा की किरण बना हुआ है। बजट उपरांत आयोजित वेबिनार 'आर्थिक विकास को सतत और सुदृढ़ बनाना' को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि तीव्र आर्थिक विकास विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने का आधार बन गया है।

**आज जब भारत अपनी मजबूती इकोनॉमी से पूरे विश्व की उम्मीद बना हुआ है। ग्लोबल सप्लाई चैन रिशेप हो रही है। तब अर्थव्यवस्था की तेज प्रगति विकसित भारत का भी बहुत बड़ा आधार है। हमारी दिशा स्पष्ट है, हमारा संकल्प स्पष्ट है। बिल्ड मोर, प्रोड्यूस मोर, कनेक्ट मोर और एक्सपोर्ट मोर।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं और देश के लिए अपार अवसरों के द्वार खुल गए हैं। श्री मोदी ने कहा कि विश्व विश्वसनीय और लचीले विनिर्माण साझेदारों की तलाश में है। उन्होंने कहा कि भारत के पास इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का अवसर है।

**मैन्युफैक्चरिंग लॉजिस्टिक्स हमारे एम.एस.एम.ई. लघु उद्योग कुटीर उद्योग, इतना ही नहीं हमारे छोटे बड़े शहर के अर्थव्यवस्था के पिलर्स के तौर पर दिखने में तो अलग–अलग लगते हैं, लेकिन वे सभी इंटर कनेक्टेड है। जैसे मजबूत मैन्युफैक्चरिंग, नए अवसर तैयार करती है और इससे निर्यात में बढ़ोत्तरी होती है।**

**********

रंगो का त्योहार होली आज प्रदेश भर में परम्परागत रूप से हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया जा रहा है। बच्चो और युवाओं की टोली रंग, गुलाल और अबीर लेकर अपने–अपने घरो से निकल रही हैं तथा एक–दूसरे को रंगो से सराबोर करते हुए उत्साहपूर्वक होली मना रही है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि पुलिस ने त्योहार के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। एक रिपोर्ट–

**प्रदेश में सुबह से ही होली का उत्साह नजर आ रहा है अपने–अपने घरों में पूजा करने के बाद लोग एक दूसरे को रंग लगा रहे हैं और होली की मुबारकबाद दे रहे हैं। बरेली फिरोजाबाद सहित प्रदेश के कई शहरों में आज खास बारात भी निकलती है जिसमें समाज के हर वर्ग के लोग शामिल होते हैं। मथुरा वृंदावन में होली के अलग ही छटा नजर आ रही है रंग में डूबे भजन गाते गुलाल उड़ाते होरीयारों की टोलियां जिनमें बड़ी संख्या में विदेशी और विधवाएं भी शामिल है होली का आनंद लेरहे हैं। सुशील चन्द्र तिवारी आकाशवाणी समाचार लखनऊ।**

ब्रज में होली का विशेष उत्साह है। ब्रज के मंदिरों में होली खेली जा रही है। अयोध्या में भी होली का उत्साह चरम पर है। होली के अवसर पर आज वहां सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गये हैं। अयोध्या की होली पर हमारे अयोध्या प्रतिनिधि की रिपोर्टः–

**अयोध्या इस होली पर खूब इठला रही है। विशेष आकर्षण का केंद्र भगवान रामलला हैं। जिनका भक्त होली खेलते स्वरूप में दर्शन कर निहाल हो रहे हैं, कारण कि आज सुबह रामलला को श्रंगार के बाद गुलाल लगाने के साथ ही पिचकारी धारण कराई गई, साथ ही विशेष व्यंजनों का भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया जा रहा है। दूसरे पहर रामलला के दरबार में संगीत की महफिल जमेगी और तुलसीदास के रचित बसंत के गीतों की धुन पर पुजारी जमकर थिरकेंगे और 10 कुंतल फूल रामलला के दर्शन को पहुंचे श्रद्धालुओं पर बरसाए जायेंगे। इसके अतिरिक्त अयोध्या के 10000 मंदिरों में भी यही दृश्य सृजित हो रहा है। तन्मय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या।**

काशी में भी होली का विशेष उत्साह देखा जा रहा है। हमारे वाराणसी प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट–

**काशी में आज मस्ती और रंगों के त्यौहार होली को अपनीख्याति के अनुसार पूरी मस्ती में मना रही है, क्या गलियां क्या घाट कोई जगह ऐसी नहीं है जहां रंगों की बारिश नहीं हो रही है। हर घाट पर नौजवानों के साथ फगुआ के गीत गाते लोगो की टोलिया माहौल को उल्लासमय बना रही है। बाबा विश्वनाथ के प्रांगण मंदिर चौक पर भी श्रद्धालु इकट्ठे होकर एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दे रहे है लोग अपना त्यौहार अच्छे से संपन्न करे इसके लिए पुलिस भी पूरी तरह से मस्तैद है। आकाशवाणी समाचार के लिए वाराणसी से मनीष सिंह।**

बाबा गोरखनाथ की नगरी गोरखपुर में भी होली पर्व का उत्साह सुबह से ही देखने को मिल रहा है।

**सुबह–सुबह लोग हाथों में रंग गुलाल लिए सड़कों पर निकल गए हैं एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई दे रहे हैं। कुछ ही देर बाद शहर के घंटाघर में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आरएसएस की ओर से आयोजित भगवान नृसिंह शोभायात्रा कार्यक्रम में शामिल होंगे। भगवान नरसिंह की आरती उतार कर लोगों के साथ गुलाल की होली खेलेंगे। गिरीश नारायण चौबे गोरखपुर।**

श्री योगी रंगों के पर्व की शुरुआत गोरखनाथ मंदिर में होलिका दहन की भस्म से तिलक के साथ करेंगे। दोपहर बाद मुख्यमंत्री होली मिलन समारोह में भी शामिल होंगे।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को होली के पावन पर्व पर शुभकामनाएं दी हैं।

**********

होली के चलते लखनऊ में मेट्रो रेल की सेवाएं आज दोपहर तक बंद रहेंगी। मेट्रो रेल के प्रवक्ता ने बताया कि आज यह सेवा दोपहर ढाई बजे से रात साढ़े दस बजे तक संचालित की जाएगी। लखनऊ के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट मेट्रो स्टेशन और मुंशी पुलिया स्टेशन टर्मिनल से पहली ट्रेन दोपहर ढाई बजे रवाना होगी। उत्तर प्रदेश में मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वह होली के अवसर पर गीले या रंग से भीगे वस्त्रों में यात्रा करने से परहेज करे, जिससे ट्रेन और स्टेशन की स्वच्छता बनी रहे।

**********

आगरा के केन्द्रीय हिंदी संस्थान में लगभग सत्रह देशों से हिंदी सीखने आये विदेशी छात्र छात्राओं के लिए होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विदेशी छात्र–छात्राओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली खेली। अफ्रीका की छात्रा रमाडा ने कहा कि रंगों का पर्व उन्हें बहुत अच्छा लगा और उन्होंने अपने साथियों के साथ इसका आनंद लिया।

**आज होली है तो होली का त्यौहार हमें बहुत अच्छा लगा। पहली बार हमने होली इंडियन के साथ मनाई है क्योंकि यह त्यौहार पहले हमें फिल्मों में देखते हैं तो आज हमें यह मौका मिला है। उनके साथ भी खेला है तो मुझे बहुत अच्छा लगा डांस वगैरह म्यूजिक सब कुछ हो रहा तो माहौल बहुत अच्छा है। हमें बहुत अच्छा लगा।**

**********

नेपाल में आगामी चुनाव को देखते हुए राज्य से सटी भारत–नेपाल की सीमाएं बहत्तर घंटों के लिए सील कर दी गई हैं। नेपाल में पांच मार्च को होने वाले चुनाव से पहले भारत नेपाल की समन्वय समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। इस बीच एसएसबी और पुलिस ने सीमा पर गश्त बढ़ा दी है। इस दौरान सिर्फ आवश्यक और आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर किसी भी तरह के आवागमन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। चुनाव संपन्न होने के बाद सीमा को सामान्य रूप से फिर से खोल दिया जाएगा।

**********

कल इस वर्ष का पहला पूर्ण चंद्र ग्रहण देखने को मिला। इस अवसर पर लखनऊ की इंदिरा गाँधी नक्षत्रशाला और गोरखपुर के वीर बहादुर सिंह नक्षत्रशाला परिसर में जनसामान्य के लिए निःशुल्क आकाश दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं चंद्र ग्रहण के दौरान कल प्रदेश के प्रमुख मंदिरों के कपाट बंद रहे। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में चंद्र ग्रहण से करीब एक घंटे पहले ही मंदिर के कपाट बंद कर दिए गए, जो शाम को शुद्धिकरण के बाद खोले गए । रामनगरी अयोध्या में भी चंद्र ग्रहण के प्रभाव के चलते सभी प्रमुख मठ और मंदिरों के पट सुबह लगभग आठ बजे से बंद कर दिए गए। मंदिरों के पट रात करीब आठ बजकर तीस मिनट तक बंद रहे। वहीं, मथुरा में ठाकुर बांके बिहारी मंदिर और गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर के पट शाम सात बजे तक बंद रहे।

**********